# हिन्दी सरिता

**Hindi Textbook for Class VI**



© SCERT MIZORAM
not to be republished

*Prepared & Published by*
**State Council of Educational Research and Training**
**Aizawl : Mizoram**

**Prescribed for use as a textbook in Hindi for Class VI by the State Council of Educational Research and Training (SCERT), Mizoram, Aizawl**

**Vide Notification No. M-17021/2/2025-EDN**
**Dated Aizawl, the 7th November, 2025**

**ALL RIGHTS RESERVED**

- No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted, in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise: no preparation of notes, substances, explanation, keys, etc in the form of book(s) for sale based on the printed book herein is permitted, without the prior permission of the Director, State Council of Educational Research and Training (SCERT), Mizoram, Aizawl.
- This book is sold subject to the condition that it shall not, by way of trade, be lent, resold, hired out or otherwise disposed of without the publisher's consent, in any form of binding or cover other than that in which it is published.
- The correct price of this publication is the price printed on this page. Any revised price indicated by a rubber stamp or by a sticker or by any other means is incorrect and should be unacceptable.

First Edition : **2026**

Copies : **18512**

Price : **₹ 70/-**

Published by :
**THE DIRECTOR**
**STATE COUNCIL OF EDUCATIONAL RESEARCH AND TRAINING (SCERT)**
**MIZORAM, AIZAWL**

Printed at : **Mizoram Government Press**
Aizawl, Mizoram

© SCERT MIZORAM
not to be republished

## Textbook Committee for Elementary Schools

**Chairman** : Director
SCERT

**Members** : Rev. Dr. K. Thanzauva
Education Consultant
MERC

: Director
School Education

: Chairman
MBSE

: Head, Deptt. of Education
Mizoram University

: Principal
Pachhunga University College

: State Project Director
Samagra Shiksha, Mizoram

: Principal
IASE

: Dr. Lalduhawmi Thomte
Joint Director, SCERT

: Principal
DIET Aizawl

: Representative of MSTA

: Representative of MPTA

: Representative of MISA

**Member Secretary** : Zoramthangi Ralte
Joint Director, SCERT

## Sub-Committee on Hindi Textbooks

**Coordinator** : Pi Lalrindiki
Lecturer
SCERT

**Members** : Dr. Jennie Malsawmdawngkimi
AHEO
Directorate of School Education

: Dr. Lalrinkimi
Asst. Professor
Govt. Aizawl College

: Dr. Lalmuanawma Sailo
Asst. Professor
Mizoram Hindi Training College

: Dr. Lalengzami
Teacher
Govt. Chanmari M/S

: Pu Lianzama Pachuau
Teacher
Govt. Bible M/S

: Pi Ngurnunsangi
Headmaster
Modern M/S, Reiek

: Pu David Vanlaldika Ralte
Teacher, Dawrpui M/S
Representative of MMSHTA

: Pi Aliseba Soren
Teacher
Neuhof English Medium School
Representative of MISA

**Asst. Coordinator** : Pi Lilypuii Chhangte
Lecturer
SCERT

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# THE CONSTITUTION OF INDIA

## PREAMBLE

**WE, THE PEOPLE OF INDIA,** having solemnly resolved to constitute India into a [1]**[SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC]** and to secure to all its citizens :

**JUSTICE,** social, economic and political;

**LIBERTY** of thought, expression, belief, faith and worship;

**EQUALITY** of status and of opportunity; and to promote among them all

**FRATERNITY** assuring the dignity of the individual and the [2][unity and integrity of the Nation];

**IN OUR CONSTITUENT ASSEMBLY** this twenty-sixth day of November, 1949 do **HEREBY ADOPT, ENACT AND GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.**

---

1. Subs. by the Constitution (Forty-second Amendment) Act, 1976, Sec.2, for "Sovereign Democratic Republic" (w.e.f. 3.1.1977)
2. Subs. by the Constitution (Forty-second Amendment) Act, 1976, Sec.2, for "Unity of the Nation" (w.e.f. 3.1.1977)

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# FOREWORD

It gives me great pleasure to introduce Hindi textbooks developed for Classes III to VIII under the three-Language Formula as mandated by the National Education Policy (NEP) 2020. The introduction of Hindi as third language in our school curriculum marks an important step towards broadening students' linguistic and cultural horizons.

Language plays a vital role in fostering communication, understanding, and unity in a diverse country like ours. Learning Hindi will enable our students to engage more effectively with people from different parts of India and to appreciate the linguistic richness of our nation. At the same time, it will strengthen their ability to learn and express themselves in multiple languages, which is an invaluable skill in today's interconnected world.

These textbooks have been carefully designed to suit the linguistic background and learning needs of Mizo learners. The content focuses on developing listening, speaking, reading, and writing skills through simple and engaging lessons, ensuring that students gain confidence and interest in learning Hindi.

I extend my sincere appreciation to teacher educators, subject experts, teachers and all other stakeholders involved in development of the textbooks. Their collective efforts have ensured that these textbooks truly represent the spirit of education for all while nurturing curiosity, creativity, and critical thinking among learners.

It is my earnest hope that these textbooks will serve as an effective tool in promoting multilingual competence among our students and nurturing in them a spirit of national integration and mutual respect.

Aizawl

7th November, 2025

**CAROLINE ZORAMTHANGI**

Director, SCERT

© SCERT MIZORAM
not to be republished

1. Ṭawng zir leh zirtirna in a tum chu 'mamawh huna hman theih leh hman ṭangkai' a nih angin ṭawng zirtirtu ten zirlaite tui taka zir tura an chawhphur thiam a ṭul hle.
2. Mizo naupangte tan Hindi hi Mizo ṭawng hawrawp nen inpersan tak a nih avangin an zir tirh aṭangin Devnagri (Hindi hawrawp) lam dan, a ri dik taka zirtir a ṭul a. A ri dik tak ngaihthlak tir, an sawi ve pawhin a lam dan dik, chhiarin a lam dan dik, leh ziakin hawrawp dik taka ziak thei turin a bul ṭan pui a ngai a ni
3. Ngaihthlak, Hman chhuah, Chhiar leh Ziah thiam (Listening, Speaking, Reading and Writing Skills) te hi ṭawng zirna bulṭhut a nih avangin pawl hniam lama ṭawng zirnaah phei chuan heng ṭawng zirna bulṭhut (LSRW skills) te hi a indawta zir chhoh pui pawimawh hle.
4. Zirlaibua thumal zawng zawng te hi zirlaite nitin nuna hman ṭangkai loh te pawh a awm thei a. Amaherawhchu, an hriat atana ṭul, nakin hnua an la hman turte a ni thei.
5. **स्वर** (vowel) **'अ – अः'** & **'मात्रा'** leh **व्यंजन** (Consonant) **'क-ढ़'**, leh **गिनती** (Number) 1- 20 thleng zirlaite hian an thiam ngei tura beisei a ni.
6. Zirtirtuin a zirtir laiin **पाठ** (Lesson) chhunga thumalte chu a awmzia zirlaite hriattirin, Hindi lam rik dan dik thiam tir leh thumal hrilhfiah nana milem/thil lem hmangte in a hriattir a ṭul a ni.
7. **कविता** (Poem) te hi zirlai ten Hindi lam dan leh a thluk an hmelhriat a, an thiam bel theih kha a tum ber chu a ni.
8. Thumal, sentence leh poem te a tam thei ang berin zirlaite bengah a lut tam tur a ni. An lam rik tam leh zirlaite a tam thei ang ber sawi tir leh chhiartir a ngai a ni.
9. **शिक्षक के लिए आवश्यक बातें** hi zirtirtute tana buatsaih a nih angin zirtirtuten zirlaibu hman hmain uluk taka chhiara zirtir naah hman ngei tum tur a ni.
10. **शिक्षण संकेत** (Learning Outcomes) hi lesson aṭanga zirlaite thiam chhuah tur bik niin hei hi zirtirtu te kaihruaitu atan a ṭangkai hle a. Zirlaite an kum mila an thiam tawh tur chin tehna (competency-based assessment) atana puitu ṭha tak a ni bawk. NEP 2020 leh NCF SE 2023 te chuan Learning Outcome mila classroom zirtirna kalpui hi a ngai pawimawh em em a ni.
11. **अभ्यास** (Exercise) lesson tina awmte hi classroom-ah zirtirtu kaihhruaina hnuaia tih tur a ni.
12. **मौखिक अभ्यास** lesson tina awmte hi zirlaite hindi-a ṭawng an zirna tur a ni a. Heng bakah hian an hrethiam emaw hrethiam lo emaw ṭawng thiam tur chuan hindi thumal an bengah a rik tam a pawimawh bawk. मौखिक अभ्यास tina ṭawngkam an zir belh te hmanga an ṭhiante nena inbiakna hun siamsakin, zirtirtu pawhin classroom ah hindi-a biak fo tur a ni.

© SCERT MIZORAM
not to be republished

**शिक्षक के लिए आवश्यक बातें:**

1. **आदर्श वाचन** : शिक्षक शुद्ध उच्चारण, गति, स्वर के आरोह-अवरोह, उचित लय और विराम चिन्हों को ध्यान में रखकर वाचन करेगा और छात्र पाठ्य-पुस्तक देखकर ध्यान से सुनेंगे।
2. **अनुकरण वाचन** : शिक्षक पहले पाठ को पढ़ेगा और फिर छात्र उसे दोहराएंगे।
3. **सामूहिक वाचन** : शिक्षक और छात्र एक साथ पढ़ेंगे।
4. **लेखन और वाचन** : शिक्षक श्यामपट्ट पर शुद्ध वर्तनी के साथ लिखेगा, और छात्र व्यक्तिगत रूप से और सामूहिक रूप से पढेंगे।
5. **लेखन अभ्यास** : शिक्षक श्यामपट्ट पर शुद्ध वर्तनी के साथ लिखेगा, और छात्र उसे ध्यान से देखकर अपनी कॉपी पर लिखेंगे।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# स्वर







© SCERT MIZORAM not to be republished

# व्यंजन

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ

श्र ड़ ढ़

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अनुरेखण अभ्यास

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ

श्र ड़ ढ़

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – सूची


| पाठ-क्रम | पाठ-नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | स्वर वर्ण | 1 – 2 |
| 2 | व्यंजन वर्ण | 3 – 7 |
| 3 | 'र' का प्रयोग (विभिन्न रूपों में ) | 8 – 11 |
| 4 | मिज़ोरम की ऋतुएँ | 12 – 15 |
| 5 | दिनों और महीनों के नाम | 16 – 20 |
| 6 | लिंग | 21 – 24 |
| 7 | बाजार में | 25 – 28 |
| 8 | अस्पताल में | 29 – 32 |
| 9 | एकता में बल | 33 – 37 |
| 10 | परिवार | 38 – 40 |
| 11 | वचन | 41 – 44 |
| 12 | हम नन्हे-नन्हे बच्चे हैं | 45 – 48 |
| 13 | मेरा भारत महान | 49 – 53 |
| 14 | चिड़ियाघर | 54 – 57 |
| 15 | गिनती | 58 – 61 |
| 16 | मौखिक अभ्यास | 62 – 76 |


©SCERT MIZORAM not to be republished

# CONSTITUTION OF INDIA

**Part IV A (Article 51 A)**

# Fundamental Duties

Fundamental Duties – It shall be the duty of every citizen of India —

(a) to abide by the Constitution and respect its ideals and institutions, the National Flag and the National Anthem;

(b) to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for freedom;

(c) to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India;

(d) to defend the country and render national service when called upon to do so;

(e) to promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India transcending religious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices derogatory to the dignity of women;

(f) to value and preserve the rich heritage of our composite culture;

(g) to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers, wildlife and to have compassion for living creatures;

(h) to develop the scientific temper, humanism and the spirit of inquiry and reform;

(i) to safeguard public property and to abjure violence;

(j) to strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity so that the nation constantly rises to higher levels of endeavour and achievement;

(k) who is a parent or guardian, to provide opportunities for education to his child or, as the case may be, ward between the age of six and fourteen years.

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 1 स्वर वर्ण

## स्वर और मात्राएँ

| स्वर | | मात्रा | शब्द | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अ | - | ( x ) | अमर | अजगर | अचकन |
| आ | - | ( ा ) | आकाश | बरसात | छाता |
| इ | - | ( ि ) | इतिहास | अतिथि | छवि |
| ई | - | ( ी ) | ईसाई | नीला | दीदी |
| उ | - | ( ु ) | उपकार | अधूरा | पशु |
| ऊ | - | ( ू ) | ऊन | खजूर | बहू |
| ऋ | - | ( ृ ) | ऋषि | आकृति | मातृ |
| ए | - | ( े ) | एकता | अनेक | सवेरे |
| ऐ | - | ( ै ) | ऐनक | खपरैल | पैसा |
| ओ | - | ( ो ) | ओखली | खरगोश | दाओ |
| औ | - | ( ौ ) | औरत | हथौड़ा | सरौता |
| अं | - | ( ं ) | अंक | तिरंगा | पलंग |
| अः | - | ( ः ) | प्रायः | प्रातःकाल | अतः |

**शिक्षण संकेत:** छात्रों को स्वर और स्वर मात्राओं की पहचान कराते हुए उनका सही प्रयोग सिखाना।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## अभ्यास

1. **इन शब्दों को पढ़िए और लिखिए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आकाश | इतिहास | ईसाई | उपासना | अमृत |
| विषैला | ओखली | औरत | हथौड़ा | अतः |

2. **नीचे लिखे शब्दों में से स्वर और स्वर-मात्राएँ निकालिए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कमाल | इमली | डाकिया | उपकार | पशु | ऊन |
| पालतू | मातृ | एकता | पैसा | भोजन | शौचालय |

3. **वर्तनी शुद्ध कीजिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अमार | ______________ | ईतीहास | ______________ |
| करगोश | ______________ | ऋषी | ______________ |
| दिदी | ______________ | सबैरे | ______________ |
| एनक | ______________ | ऊपकर | ______________ |
| हथुड़ा | ______________ | प्रतःकल | ______________ |

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 2 व्यंजन वर्ण

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | - | कलम | मकान | नमक |
| ख | - | खाना | बुखार | लाख |
| ग | - | गणित | बगीचा | आग |
| घ | - | घर | बेघर | बाघ |
| ङ | - | ङूरा | लुङलेइ | सेलिङ |
| च | - | चाय | आचार | कवच |
| छ | - | छतरी | बछड़ा | रीछ |
| ज | - | जल | काजल | समाज |
| झ | - | झरना | मंझला | बोझ |
| ञ | - | ---- | ---- | ---- |
| ट | - | टमाटर | रोटी | पेट |
| ठ | - | ठठेरा | पाठशाला | पीठ |
| ड | - | डाक | निडर | दंड |
| ढ | - | ढोल | मेंढक | बुड्ढा |

© SCERT MIZORAM not to be republished

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ण | - | कण | गणना | निपुण |
| त | - | ताला | मतलब | बातचीत |
| थ | - | थाली | माथा | हाथ |
| द | - | दलदल | बादल | गोद |
| ध | - | धन | निधन | विविध |
| न | - | नाना | मानक | कान |
| प | - | पति | सपना | कुरूप |
| फ | - | फल | सफल | साफ़ |
| ब | - | बहन | सबक | पूरब |
| भ | - | भाई | अभय | लाभ |
| म | - | मकान | कमरा | काम |
| य | - | याद | कायर | आय |
| र | - | रात | बारात | कार |
| ल | - | लाठी | पलक | बादल |
| व | - | वन | चावल | नाव |
| श | - | शरबत | बादशाह | आकाश |
| ष | - | षट्कोण | भाषा | दोष |
| स | - | समय | कुसुम | सास |

© SCERT MIZORAM not to be republished

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ह | - | हाथ | गहना | विवाह |
| क्ष | - | क्षति | नक्षत्र | मोक्ष |
| त्र | - | त्रास | मात्रा | छात्र |
| ज्ञ | - | ज्ञान | विज्ञान | विशेषज्ञ |
| श्र | - | श्रम | परिश्रम | अश्रु |
| ड़ | - | लड़का | सड़क | पेड़ |
| ढ़ | - | बूढ़ा | पढ़ना | बाढ़ |

## इन वाक्यों को पढ़िए

वह पत्र लिखता है।

वह चाय बनाती है।

वह ढोल बजाता है।

वह पशु पालता है।

वे हाथ धोते हैं।

वे काम करते हैं।

वे हिन्दी पढ़ते हैं।

© SCERT MIZORAM not to be republished

**शिक्षण संकेत:** छात्रों को व्यंजन वर्णों की पहचान कराते हुए उनका सही प्रयोग सिखाना।

## अभ्यास

**1. इन शब्दों को पढ़िए और लिखिए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बुखार | नमक | गणित | बेघर | ङूरा |
| कवच | रीछ | समाज | मंझला | रोटी |
| ठठेरा | कायर | निपुण | बातचीत | थाली |
| गोद | मानक | कुरूप | साफ़ | सबक |
| अभय | काम | याद | कार | पलक |
| नाव | शरबत | दोष | सास | गहना |

**2. नीचे लिखे शब्दों में से व्यंजन निकालिए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| काल | दूध | अश्रु | क्षति | षट्कोण |
| नक्षत्र | लुङ्लेइ | ङूरा | आकाश | सड़क |
| पढ़ना | भाषा | विशेषज्ञ | पति | ज्ञान |

© SCERT MIZORAM not to be republished

**3. वर्तनी शुद्ध कीजिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बातशाह | ____________ | नखत्र | ____________ |
| बुकार | ____________ | बादचीद | ____________ |
| शमय | ____________ | चाउल | ____________ |
| शास | ____________ | कूरुप | ____________ |
| हात | ____________ | निदन | ____________ |

**4. नीचे लिखे शब्दों में से सही शब्द के सामने सही ( ✓ ) का चिह्न लगाइए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कुसुम | आचार | गणीत | बोध | गेहना |
| चाइ | रूटी | छतरी | मेडक | दोस |
| ठाठेरा | मतलब | पेर | भाशा | बारात |

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 3 ‘र’ का प्रयोग (विभिन्न रूपों में )

## रेफ़ = र ( ‘ )





द + र् + प + ण = दर्पण व + र् + ष + अ = वर्षा

सर्प खर्च सूर्य तर्क कर्म
धर्म नर्म फर्क आर्य कार्य
पार्क मार्ग गर्दन बर्तन निर्मल

**‘र’** एक विशिष्ट वर्ण है । संयुक्त वर्णों में ‘र’ के पहले या बाद में आने वाला व्यंजन हमेशा पूरा लिखा जाता है । अलबत्ता दोनों ही स्थितियों में ‘र’ का रूप बदल जाता है ।

1. **र + व्यंजन** : ‘र’ में जब कोई व्यंजन जुड़ता है तो ‘र’ “ ‘ ” रेफ़ के रूप में उस वर्ण के ऊपर आ जाता है । संस्कृत के तत्सम शब्दों में संधि करते समय विसर्ग के स्थान पर भी रेफ़ का ही प्रयोग किया जाता है ।

© SCERT MIZORAM not to be republished

2. **व्यंजन + र** : जब 'र' किसी व्यंजन में जुड़ता है तो लेखन में उसके दो रूप बनते हैं – (्र) तथा (्र)।

(्र) - खड़ी पाई वाले व्यंजनों तथा 'द' और 'ह' में जुड़ने पर प्रयोग होता है।

(्र) - अन्य वर्ण अर्थात ट, ठ, ड, ढ वर्ण तथा छ में जुड़ने पर प्रयोग होता है।





च + क् + र = चक्र  ट् + र + क = ट्रक

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ग्राम | सम्राट | प्रणाम | प्राण | भ्रम |
| ड्रम | ट्रक | क्रम | ड्रामा | राष्ट्र |

**नीचे लिखे शब्दों को पढ़िए और समझिए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्म | पार्क | कर्म | सूर्य | निर्मल | पर्वत |
| दर्द | मुर्दा | गुर्दा | मर्यादा | फर्क | सर्कस |
| कार्य | क्रम | विक्रय | चक्र | ग्राम | आग्रह |
| प्रेम | लाभप्रद | ब्रिटिश | कब्र | ट्रक | राष्ट्रिय |
| ड्रामा | ड्रम | द्रव | चंद्रमा | दरिद्र | महाराष्ट्र |

**शिक्षण संकेत:** छात्रों को 'र' के विभिन्न रूपों की पहचान कराते हुए उनका सही प्रयोग सिखाना।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## अभ्यास

**1. अक्षर मिलाकर बने सही शब्द पर सही का निशान (✓) लगाइए :**

(क) स + र् + प =सर्प / र्सप

(ख) प् + र + ण + आ + म = पन्राम / प्रणाम

(ग) ड् + र + म = ड्रम / डम्र

(घ) प् + र + थ + म = प्रथम / पथ्रम

(ङ) प् + आ + र + क = र्पाक / पार्क

(च) ट् + र + आ + ली = ट्राली / ट्ली

**2. दिए गए शब्दों में 'र' के विभिन्न रूपों ( ‘ ⁄ ‸ ) का सही प्रयोग कर शब्दों को दुबारा लिखिए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दपण | ________ | टाली | ________ | नम | ________ |
| कम | ________ | बश | ________ | डम | ________ |
| गाम | ________ | टक | ________ | बतन | ________ |
| आकमण | ________ | मदास | ________ | पवत | ________ |

© SCERT MIZORAM
not to be republished

3. **कोष्ठक में दिए गए सही शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) __________ दिन में चमकता है। ( चंद्रमा / सूर्य )

(ख) उठते ही माता – पिता को __________करो। (प्रणाम / प्राण )

(ग) वह ________साफ़ कर रही है। ( निर्मल / बर्तन )

(घ) लला _________ पर बैठा है। ( ड्रामा/ ट्रक )

(ङ) उसने डंडे से __________को मारा। ( गर्दन / सर्प )

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# पाठ – 4 मिज़ोरम की ऋतुएँ

मिज़ोरम में मुख्य रूप से चार ऋतुएँ हैं। इन ऋतुओं के नाम हैं :

(क) ग्रीष्म ऋतु (ख) वर्षा ऋतु

(ग) शरद ऋतु (घ) शीत ऋतु।



1. **ग्रीष्म ऋतु :** ग्रीष्म ऋतु मार्च से आरंभ होकर मई तक पड़ता है। मार्च महीने में मिज़ो जन-जाति का महत्वपूर्ण पर्व 'चपचार कूत' आता है। चपचार कूत को लोग बड़ी धूम-धाम से मनाते हैं। मिज़ोरम में ग्रीष्म ऋतु में भी अधिक गर्मी नहीं होती है।



2. **वर्षा ऋतु :** वर्षा ऋतु जून महीने से आरंभ होकर सितंबर तक होता है। इस मौसम में पानी ज्यादा बरसता है। पेड़-पौधे हरे-भरे होते हैं। चारों ओर हरियाली छा जाती है। चूँकि मिज़ोरम पहाड़ी इलाका है इसलिए यहाँ बाढ़ आने की संभावना नहीं रहती।

© SCERT MIZORAM not to be republished



**3. शरद ऋतु :** अक्टूबर और नवंबर शरद ऋतु के महीने हैं । शरद ऋतु में तरह-तरह के सुंदर फूल खिलने लगते हैं। खेतों में धान तथा गेहूँ आदि लहलहाने लगते हैं। इस ऋतु में मौसम बहुत सुहावना होता है। इस ऋतु में किसान फसल काटते हैं। शरद ऋतु मिज़ो जन-जाति का सबसे प्रिय ऋतु है ।

**4. शीत ऋतु :** शीत ऋतु दिसम्बर से आरंभ होकर फरवरी तक पड़ता है। इस ऋतु में बहुत जाड़ा रहता है। जाड़े में लोग गरम कपड़े पहनते हैं। दिसम्बर और जनवरी में सबसे अधिक ठंड पड़ती है। दिसम्बर क्रिसमस का महीना है इसलिए यह खुशी की ऋतु भी है।



**शिक्षण संकेत:** छात्रों को मिज़ोरम की ऋतुओं की पहचान कराते हुए उससे संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों से परिचित कराना ।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| ऋतु | - | मौसम / Season |
| आरंभ | - | शुरू / Start |
| चारों ओर | - | सभी जगह / everywhere |
| पहाड़ी इलाका | - | पहाड़ी जगह / hilly region |
| सुहावना | - | अच्छा लगना / pleasant |
| फ़सल | - | अनाज / crops |

## अभ्यास

**1. इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) साल की चार ऋतुओं के नाम लिखिए।

(ख) शरद ऋतु कब शुरू होती है ?

(ग) वर्षा ऋतु कब शुरू होती है ?

(घ) क्रिसमस कब आता है ?

(ङ) जाड़ा कब होता है ?

**2. मिलान कीजिए :**

| | |
|---|---|
| ग्रीष्म ऋतु | अक्टूबर से नवम्बर |
| वर्षा ऋतु | दिसम्बर से फरवरी |
| शरद ऋतु | मार्च से मई |
| शीत ऋतु | जून से सितम्बर |

© SCERT MIZORAM not to be republished

**3. पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) चपचार कूत को लोग बड़ी --------- मनाते हैं।

(ख) मिज़ोरम --------- इलाका है।

(ग) ----और----- शरद के महीने हैं।

(घ) जाड़े में लोग --------- कपड़े पहनते हैं।

(ङ) -------- क्रिसमस का महीना है।

**4. नीचे लिखे शब्दों से वाक्य बनाइए :**

| | | |
|---|---|---|
| बरसात | हरियाली | मौसम |
| प्रिय | महीना | धान |

**5. सही कथन के आगे (✓) और गलत कथन के आगे (×) का चिह्न लगाइए :**

(क) ग्रीष्म ऋतु नवम्बर में आरंभ होता है। ( )

(ख) बरसात के मौसम में चारों ओर हरियाली छा जाती है। ( )

(ग) गर्मी में लोग गरम कपड़े पहनते हैं। ( )

(घ) मिज़ोरम पहाड़ी इलाका है। ( )

(ङ) दिसम्बर और जनवरी में सबसे अधिक ठंड रहती है। ( )

©SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 5 दिनों और महीनों के नाम

## कैलेंडर 2026

**जनवरी**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

**फरवरी**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |

**मार्च**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

**अप्रैल**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | | |

**मई**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |

**जून**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

**जुलाई**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

**अगस्त**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | 31 | | | | | |

**सितंबर**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | | | |

**अक्टूबर**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

**नवंबर**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

**दिसंबर**

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

हफ़्ते में सात दिन होते हैं – रविवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

रविवार हफ़्ते का पहला दिन है। सोमवार हफ़्ते का दूसरा दिन है। सोमवार के बाद मंगलवार आता है। बुधवार हफ़्ते का चौथा दिन है। उसके बाद गुरुवार आता है, गुरुवार के बाद शुक्रवार आता है। हफ़्ते का आखिरी दिन शनिवार है। शनिवार तथा रविवार के दिन छुट्टी होती है। शनिवार के दिन लोग अपने घरों में घरेलू काम करते हैं। रविवार के दिन लोग गिरजाघर जाते हैं।

एक साल में बारह महीने होते हैं – जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर। एक महीने में चार सप्ताह होते हैं। साल का पहला महीना जनवरी है। महीने में तीस दिन होते हैं। जनवरी, मार्च, मई, जुलाई, अगस्त, अक्टूबर और दिसंबर के महीनों में इकतीस दिन होते हैं। फरवरी में अट्ठाईस या उनतीस दिन होते हैं और अप्रैल, जून, सितंबर और नवंबर में तीस दिन होते हैं।

पंद्रह अगस्त के दिन देश भर में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। इस दिन सभी दफ़्तर और स्कूलों की छुट्टी होती है। पच्चीस दिसंबर ईसाइयों का पवित्र दिन (क्रिसमस का दिन) है। नया वर्ष जनवरी से आरंभ होता है।

© SCERT MIZORAM not to be republished

**शिक्षण संकेत:** छात्रों को हिन्दी में साल के महीनों के नाम की पहचान कराना और कुछ महत्वपूर्ण बातों/ दिवस आदि की जानकारी देना।

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| भारतीय | - | भारत के वासी / Indian |
| दफ़्तर | - | कार्यालय / office |
| स्वतंत्र | - | आज़ाद, मुक्त / Independence |
| दिन | - | दिवस / Day |
| घर | - | मकान, गृह / House |
| नया | - | नव, नूतन / New |
| वर्ष | - | साल / Year |
| पवित्र | - | शुद्ध / Holy |

## अभ्यास

**1. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) हफ़्ते में कितने दिन होते हैं ? उनके नाम लिखिए।

(ख) सोमवार के बाद कौन-सा दिन आता है ?

(ग) एक वर्ष में कितने महीने होते हैं ?

(घ) सप्ताह में किस दिन छुट्टी होती है ?

(ङ) किस महीने से नया वर्ष शुरू होता है ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

**2. 'क' और 'ख' के वाक्यों को जोड़िए :**

| क | ख |
|---|---|
| (क) एक महीने में | सात दिन होते हैं। |
| (ख) एक साल में | स्वतंत्रता दिवस है। |
| (ग) फरवरी में | चार सप्ताह होते हैं। |
| (घ) एक सप्ताह में | क्रिसमस का दिन है। |
| (ङ) पंद्रह अगस्त | बारह महीने होते हैं। |
| (च) पच्चीस दिसंबर | अट्ठाईस / उनतीस दिन होते हैं। |

© SCERT MIZORAM not to be republished

**3. पाठ के आधार पर खाली स्थान भरिए :**

(क) हफ़्ते में _________ दिन होते हैं।

(ख) ________ हफ़्ते का पहला दिन है।

(ग) गुरुवार के बाद _________ आता है।

(घ) जनवरी साल का ________ महीना होता है।

(ङ) एक महीने में _________ होते हैं।

**4. सही वाक्यों में (✓) और गलत वाक्यों में (x) का चिह्न लगाइए :**

(क) रविवार हफ़्ते का तीसरा दिन है। ( )

(ख) गुरुवार के बाद रविवार आता है। ( )

(ग) एक साल में छः महीने होते हैं। ( )

(घ) हफ़्ते में सात दिन होते हैं। ( )

(ङ) नवंबर से जनवरी तक जाड़ा होता है। ( )

(च) नया वर्ष जनवरी से शुरू होता है। ( )

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# पाठ – 6 लिंग



यह लड़का है।



यह लड़की है।

**परिभाषा:** संज्ञा के जिस रूप से पुरुष या स्त्री जाति का बोध होता है, उसे लिंग कहते हैं। लिंग के दो भेद होते हैं – पुल्लिंग और स्त्रीलिंग।

**पुल्लिंग -** जिस संज्ञा शब्द से पुरुष जाति का बोध होता है उसे पुल्लिंग कहते हैं। जैसे – नर, बेटा, बैल आदि।

**स्त्रीलिंग -** जिस संज्ञा शब्द से स्त्री जाति का बोध होता है उसे स्त्रीलिंग कहते हैं। जैसे – नारी, बेटी, गाय आदि।

© SCERT MIZORAM
Not to be republished

## कुछ पुल्लिंग और स्त्रीलिंग के शब्द -

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| छात्र | छात्रा |
| बैल | गाय |
| बकरा | बकरी |
| गायक | गायिका |
| मामा | मामी |
| पुत्र | पुत्री |
| पिता | माता |
| शेर | शेरनी |
| लड़का | लड़की |
| पुरुष | स्त्री |
| नर | नारी |
| बेटा | बेटी |
| मोर | मोरनी |
| भाई | बहन |
| राजा | रानी |
| दास | दासी |
| वर | वधू |
| बादशाह | बेगम |
| लेखक | लेखिका |
| शिक्षक | शिक्षिका |

**शिक्षण संकेत:** छात्रों को हिन्दी में लिंग की पहचान कराना और सही प्रयोग सिखाना।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अभ्यास

1. (क) **निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द छाँटिए –**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रानी | बकरा | मोर | माता | शेर | मामी |

(ख) **निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द छाँटिए –**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्रा | बहन | गायक | पिता | पुत्री | लड़का |

2. **नीचे लिखे शब्दों के लिंग बदलिए :**

**जैसे:** भाई - बहन

पुत्र -

गाय -

मामी -

कुँवारी -

शेर -

नर -

रानी -

छात्र -

लड़की -

शिक्षिका -

वर -

© SCERT MIZORAM
not to be republished

3. **नीचे लिखे शब्दों से वाक्य बनाइए :**

छात्र ______________________________

बकरी ______________________________

मोर ______________________________

बैल ______________________________

राजा ______________________________

दासी ______________________________

नारी ______________________________

रानी ______________________________

4. **उचित शब्द से रिक्त स्थान भरिए :**

(क) ________ आ रहा है। ( लड़का / लड़की )

(ख) मेरी _______ गा रही है। (भाई / बहन )

(ग) _________दूध देती है। ( गाय / बैल )

(घ) मेरी दादी सो _______है। ( रहा / रही )

(ङ) मेरा ________कुछ लिख रहा है। ( मामा / मामी )

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 7 बाजार में



सब्जीवाला - बहनजी कहिए, आपको क्या चाहिए ?

बियाकी - जी मुझे एक किलो आलू, दो किलो बंदगोभी और टमाटर चाहिए।

सब्जीवाला - अभी देता हूँ।

बियाकी - आलू और बंदगोभी का क्या भाव है ?

सब्जीवाला - आलू बीस रूपए किलो और बंदगोभी तीस रुपए किलो है।

बियाकी - और टमाटर कितने का है ?

सब्जीवाला - पचास रुपए किलो।

बियाकी - मुझे अच्छे-अच्छे टमाटर दो किलो देना।

सब्जीवाला - आप छाँट लीजिए।

बियाकी - कोई बात नहीं आप खुद छाँट कर दीजिए।

सब्जीवाला - अच्छी बात है।

बियाकी - (टमाटर देखकर) यह टमाटर तो सड़ा हुआ है।
सब्जीवाला - बदल देता हूँ।
बियाकी - मुझे मिर्च और धनिया भी देना।
सब्जीवाला - जी, बहनजी।
बियाकी - आपके पास पोलिथिन है ?
सब्जीवाला - जी नहीं, पेपर बैग है, चलेगा ?
बियाकी - हाँ, क्यों नहीं। कुल कितने रुपये हुए ?
सब्जीवाला - कुल दो सौ बीस रुपये हुए।
बियाकी - लीजिए, पाँच सौ रुपये।
सब्जीवाला - मेरे पास खुल्ले नहीं हैं।
बियाकी - मेरे पास भी नहीं हैं।
सब्जीवाला - पासवाली दुकान से खुल्ले करवाकर लाइए।
बियाकी - लाती हूँ।
सब्जीवाला - मेरे पास ताज़ा- ताज़ा फल भी हैं क्या आप लेंगी ?
बियाकी - ठीक है, एक किलो आम दीजिए।
सब्जीवाला - यह लीजिए बहनजी, और कुछ लेंगे ?
बियाकी - बस, अब और कुछ नहीं चाहिए।
सब्जीवाला - बहन जी, फिर आइएगा।
बियाकी - ज़रूर, ज़रूर।

© SCERT MIZORAM not to be republished

**शिक्षण संकेत:** छात्रों को संवाद के माध्यम से नए शब्द सिखाते हुए बाज़ार में हिन्दी का प्रयोग सिखाना।

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| दुकान | - | स्टोर / shop |
| बंदगोभी | - | पत्ता गोभी / cabbage |
| टमाटर | - | tomato |
| ताज़ा | - | नया / fresh |
| छाँटना | - | चुनना / to select, choice |
| मिर्च | - | मिर्चा / chilly |
| भाव | - | दाम, कीमत / price, rate |
| सड़ा | - | खराब / rotten |

## अभ्यास

1. **दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) बियाकी क्या खरीदना चाहती थी ?

(ख) आलू का भाव क्या था ?

(ग) बंदगोभी का दाम क्या था ?

(घ) दो किलो टमाटर का दाम क्या था ?

(ङ) बियाकी ने कुल कितने रुपयों की चीजें खरीदीं ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

**2. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए :**

| | | |
|---|---|---|
| मिर्च | धनिया | बदल |
| भाव | कुल | खुद |

**3. किसने कहाँ ?**

(क) "और टमाटर कितने का है ?"

(ख) "आप छाँट लीजिए।"

(ग) "जी नहीं, पेपर बैग चलेगा।"

(घ) "मेरे पास भी नहीं है।"

(ङ) "बस, अब और कुछ नहीं चाहिए।"

(च) "बहनजी, फिर आइएगा।"

**4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बहन | ताज़ा | देना | तोड़ना |
| माँ | दूर | ऊपर | बाहर |

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 8 अस्पताल में




क्लर्क - हाँ, कहिए, आपको किससे मिलना है ?

मुआना - जी, मुझे डॉक्टर से मिलना है।

क्लर्क - बैठिए, वे बैठनेवाले हैं।

मुआना - मैं अपना नाम लिखना चाहता हूँ।

लली - मैं भी।

क्लर्क - आपका नाम क्या है ?

मुआना - जी, मेरा नाम मुआना है।

लली - मेरा नाम लली है।

क्लर्क - लीजिए, वे आ गए। मुआना आपकी बारी है।

मुआना - नमस्ते डॉक्टर साहब !

डॉक्टर - आइए, कहिए, आपको क्या तकलीफ़ है ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

| | | |
|---|---|---|
| मुआना | - | जी, एक हफ़्ते से मुझे खाँसी आ रही है। खाँसी के कारण मुझे रात-भर नींद नहीं आती और कभी-कभी हल्का बुखार भी होता है। |
| डॉक्टर | - | क्या, आपको भूख लगती है ? |
| मुआना | - | जी नहीं, मुझे बिल्कुल भूख नहीं लगती। (डॉक्टर मुआना की छाती और पीठ पर स्टेथोस्कोप लगाकर जाँच करता है।) |
| डॉक्टर | - | जरा लंबी साँस लीजिए। |
| मुआना | - | डॉक्टर साहब, मुझे क्या हुआ है ? |
| डॉक्टर | - | आपको निमोनिया है। मैं कुछ दवा लिखकर देता हूँ। |
| मुआना | - | डॉक्टर साहब, क्या निमोनिया असाध्य रोग है ? |
| डॉक्टर | - | बिल्कुल नहीं। आप ठीक से दवा लीजिए, आप जल्दी ही ठीक हो जाएँगे। |
| मुआना | - | डॉक्टर साहब, क्या मैं सब कुछ खा सकता हूँ ? |
| डॉक्टर | - | नहीं, मैं यहाँ लिखकर देता हूँ कि आप क्या खा सकते हैं और क्या नहीं खा सकते हैं। |
| मुआना | - | जी, धन्यवाद ! |
| डॉक्टर | - | दवा नियमित रूप से लेना। |
| मुआना | - | जी डॉक्टर साहब। |

**शिक्षण संकेत:** छात्रों को संवाद के माध्यम से नए शब्द सिखाते हुए अस्पताल में हिन्दी का प्रयोग सिखाना।

© SCERT MIZORAM not to be republished

## शब्दार्थ

छाती - सीना / chest
पीठ - शरीर का पिछला भाग / the back
जाँच - परख / test
साँस - नाक या मुँह से ली गई या बाहर निकली गई हवा / breath
ज़रा - थोड़ा / little, less
निमोनिया - एक किस्म की बीमारी / pneumonia
असाध्य - जिसका इलाज करना कठिन हो / incurable
नियमित रूप से - नियम के अनुसार / regularly
रोग - बीमारी / disease
धन्यवाद - शुक्रिया / Thank you
खांसी - Cough
तकलीफ - कष्ट / pain

## अभ्यास

**1. समान अर्थवाले शब्दों को रेखा खींचकर मिलाइए :**

| | |
|---|---|
| कष्ट | छाती |
| मामूली | ज्वर |
| जाँच | दुख |
| बुखार | साधारण |
| सीना | परख |

© SCERT MIZORAM not to be republished

**2. प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) मुआना को क्या कष्ट था ?

(ख) लली किससे मिलना चाहती थी ?

(ग) किसको निमोनिया था ?

(घ) क्या मुआना को भूख लगती थी ?

(ङ) लंबी साँस किसने ली ?

**3. नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए :**

नाम तकलीफ़ बारी पीठ खाँसी चाहना

**4. किसने, किससे कहा ?**

(क) "मुआना, आपकी बारी है ।"

(ख) "ज़रा लंबी साँस लीजिए ।"

(ग) "मैं अपना नाम लिखना चाहता हूँ ।"

(घ) "दवा नियमित रूप से लेना ।"

**5. इन रोगों से संबंधित दो-दो रोगों के नाम लिखिए :**

(क) असाध्य रोग

(ख) साध्य रोग

© SCERT MIZORAM
not to be republished

## पाठ – 9 एकता में बल

पुराने जमाने में एक बूढ़ा आदमी रहता था । उसका नाम लियानवुङा था । उसके चार बेटे थे । वे चारों लड़के आपस में लड़ते रहते थे । वे अपने पिता की बात नहीं मानते थे । लियानवुङा को अपने बेटों की आदत पसंद नहीं थी और उनके व्यवहार से वह बहुत दुःखी रहता था ।

लियानवुङा ने एक दिन अपने चारों बेटों को समझाने के लिए एक उपाय सोचा । वह लकड़ियाँ इकट्ठा करने के लिए जंगल गया और उन लकड़ियों को बांधकर घर लाया । फिर घर पर अपने चारों बेटों को अपने पास बुलाया और उसने लकड़ियों के गट्ठर को खोला । लियानवुङा ने गट्ठर खोलकर एक-एक लकड़ी अपने चारों बेटों को दे दी और उनसे कहा – "तुम एक-एक करके इसको तोड़ो ।" चारों बेटों ने एक-एक करके लकड़ी को सरलता से तोड़ दिया ।



© NCERT MIZORAM not to be republished

छः लकड़ियाँ एक साथ बाँधकर लियानवुङा ने अपने बड़े बेटे को दीं और उससे कहा – "अब इन छः लकड़ियों को एक साथ तोड़ो ।"

बड़े बेटे ने उन्हें तोड़ने का प्रयास किया लेकिन वह न तोड़ सका । इसी प्रकार लियानवुङा ने सभी बेटों को एक-एक कर बुलाया, लकड़ियों का गट्ठर दिया और एक साथ तोड़ने को कहा । उनके चारों बेटों में से कोई भी लकड़ियों के गट्ठर को नहीं तोड़ सका।

तभी लियानवुङा ने अपने चारों बेटों से कहा – "तुम सभी ने एक-एक लकड़ी को आसानी से तोड़ दिया था । लेकिन लकड़ी के गट्ठर को नहीं तोड़ सके । इसी तरह तुम आपस में मिल-जुलकर नहीं रहोगे तो तुम्हें कोई भी हानि पहुँचा सकता है। अगर तुम सब एक साथ मिलकर रहोगे तो शक्तिशाली बन जाओगे, क्योंकि एकता में बल है।" तब से वे चारों भाई अपने पिता की बात मानकर कंधे से कंधा मिलाकर खुशी से रहने लगे ।



© SCERT MIZORAM not to be republished

**शिक्षण संकेत:** छात्रों में पढ़ने की रुचि विकसित करना तथा सरल तुकांत शब्दों से भाषा का विकास करना ।

# शब्दार्थ

लड़ना - झगड़ा करना / to fight, to quarrel

पसंद - चाहना / like

व्यवहार - आचरण / behaviour

उपाय - तरीका / solution, idea

समझाना - कोई बात अच्छी तरह किसी के मन में बैठाना / to explain

गट्ठर - रस्सियाँ आदि से बंधा हुआ सामान / bundle

तोड़ना - टुटाना / to break

प्रयास - कोशिश / to try

आसान - सरल / easy

शक्तिशाली - बलवान, ताकतवार / strong

एकता - मेल या एक होना / unity

बल - शक्ति / strength

आदत - लत / habit

इकट्ठा - एकत्र, एक साथ / gathered

© SCERT MIZORAM not to be republished

## अभ्यास

**1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(क) बूढ़े आदमी का नाम क्या था ?

(ख) बूढ़े आदमी के बेटे आपस में कैसे रहते थे ?

(ग) बूढ़े आदमी को किसकी आदत पसंद नहीं थी ?

(घ) चारों भाई अंत में कैसे रहने लगे ?

(ङ) इस पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

**2. पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) लियानवुङा के चार _______ थे।

(ख) चारों लड़के आपस में ________रहते थे।

(ग) बेटों ने एक-एक करके लकड़ी को _______से तोड़ दिया।

(घ) कोई भी लकड़ियों के गट्ठर को एक साथ नहीं ______ सका।

(ङ) एक साथ मिलकर रहोगे तो _______बन जाओगे।

(च) एकता में _______है।

(छ) अपने पिता की बात _______एक साथ खुशी से रहने लगे।

© SCERT MIZORAM not to be republished

3. **दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य बनाइए :**

आदत ________________________________

व्यवहार ________________________________

झगड़ा ________________________________

लकड़ी ________________________________

एकता ________________________________

प्रयास ________________________________

आसान ________________________________

बल ________________________________

4. **इन शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लड़का | ________ | किताब | ________ | लकड़ी | ________ |
| कंधा | ________ | कुर्सी | ________ | बात | ________ |

5. **इन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| छोटा | ________ | अच्छा | ________ | अंदर | ________ |
| दिन | ________ | साफ़ | ________ | सुख | ________ |
| प्रकाश | ________ | भारी | ________ | नया | ________ |

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 10 परिवार



दिका : दोस्त लियाना तुम इस तरह जल्दी में कहाँ जा रहे हो ?

लियाना : दिका, आज मेरे चाचा और चाची की शादी की सालगिरह हैं। मैं उनके घर जा रहा हूँ ।

दिका : वाह ! तो रात का खाना भी वही खाओगे ?

लियाना : हाँ, दिका मेरे दूसरे रिश्तेदार भी आ रहे हैं । लौटने में देर हो जाएगी ।

दिका : कौन-कौन आए हैं ?

लियाना : लुङलेई से मेरे मामा- मामी और बुआ – फूफा आज सुबह ही पहुंचे हैं ।

दिका : कोई ओर भी बाहर से आ रहे हैं क्या ?

लियाना : तुम फल्कोन अस्पताल में काम करने वाले मेरे डाक्टर मामा को तो जानते हो न ?

दिका : हाँ, वही ना जो एक सर्जन हैं ।

© SCERT MIZORAM not to be republished

लियाना : हाँ, वही मामा, मामी और उनके बच्चे भी आ रहे हैं। उनके साथ मेरे ताऊ और ताईजी भी आ रही हैं।

दिका : वाह ! तो तुम्हारा सभी परिवार इकट्ठा हो रहा है। तुम्हें देर हो जाएगी, तुम चलो।

लियाना : ठीक हैं, फिर मिलेंगे।

दिका : हाँ ज़रूर। मेरी तरफ से अपने मामा-मामी को मुबारक कहना मत भूलना।

लियाना : अच्छा मैं चलता हूँ।

दिका : ठीक है।

**शिक्षण संकेत:** छात्र हिन्दी में रिश्तों के नाम पहचानना, बोलना और वाक्य में प्रयोग करना सीखेंगे।

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| मामा | - | Mother's brother |
| मामी | - | Maternal uncle's wife |
| चाचा | - | Father's brother |
| चाची | - | Paternal uncle's wife |
| बुआ | - | Father's sister |
| फूफा | - | Father's sister husband |
| ताऊ | - | Father's elder brother |
| ताइ | - | Father's elder brother wife |
| परिवार | - | वंश / family |
| इकट्ठा | - | एकत्रित / gather |
| मुबारक | - | शुभकामनाएँ / greetings |
| सालगिरह | - | anniversary |
| शादी | - | विवाह / marriage |

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अभ्यास

**1. इन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

सुबह ________ बाहर ________ रात ________

आज ________ अच्छा ________ आना ________

**2. इन संबंधों को मिलाइए :**

| | |
|---|---|
| माता | चाची |
| भाई | दादी |
| चाचा | बुआ |
| फूफा | नाना |
| दादा | बहन |
| नानी | पिता |

**3. दिए गए संबंधों को क्या कहते हैं :**

(क) पिता के पिताजी को ______________________

(ख) माँ की बहन को ______________________

(ग) भाई की पत्नी को ______________________

(घ) माँ के भाई की पत्नी को ______________________

(ङ) पिता के भाई को ______________________

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 11 वचन

**परिभाषा:** संज्ञा शब्द के जिस रूप से उसकी संख्या अर्थात एक या अनेक होने का बोध हो उसे वचन कहते हैं।

प्रयोग के आधार पर वचन के दो भेद होते हैं – एकवचन और बहुवचन।

**एकवचन** – जिस संज्ञा शब्द से उसके एक ही होने का बोध होता है, उसे एकवचन कहते हैं। जैसे – मीठा, लड़का, पंखा, महिला, नदी आदि।

**बहुवचन** – जिस संज्ञा शब्द से उसके एक से अधिक होने का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं। जैसे – मीठे, लड़के, पंखे, महिलाएँ, नदियाँ आदि।

एकवचन के शब्दों को बहुवचन में परिवर्तित करने के कुछ मुख्य नियम इस प्रकार हैं –

**1. पुल्लिंग के आकारांत शब्द, जैसे –**

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| कौआ | कौए |
| मीठा | मीठे |
| पंखा | पंखे |
| लड़का | लड़के |
| कमरा | कमरे |

© SCERT MIZORAM not to be republished

2. **पुल्लिंग के अन्य शब्द, जैसे –**

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| बालक | बालक |
| आदमी | आदमी |
| उल्लू | उल्लू |
| सरसों | सरसों |
| मकान | मकान |

3. **स्त्रीलिंग के इ / ईकारांत शब्द, जैसे –**

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| सूई | सूइयाँ |
| रानी | रानियाँ |
| रीति | रीतियाँ |
| लड़की | लड़कियाँ |
| नदी | नदियाँ |

4. **स्त्रीलिंग के अन्य शब्द, जैसे –**

| **एकवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|
| महिला | महिलाएँ |
| बालिका | बालिकाएँ |
| पुस्तक | पुस्तकें |
| चिड़िया | चिड़ियाँ |
| आँख | आँखें |

**शिक्षण संकेत:** छात्र 'एकवचन' और 'बहुवचन' पहचानना सीखेंगे तथा लिंग के अनुसार संज्ञाओं का सही रूप से प्रयोग करना सीखेंगे।

©SCERT MIZORAM not to be republished

## अभ्यास

1. **इन वाक्यों को ध्यान से पढ़िए और इनमें निहित वचन के अंतर को समझिए :**

(क) बच्चा रो रहा है। - बच्चे रो रहे हैं।

(ख) लड़का पढ़ रहा है। - लड़के पढ़ रहे हैं।

(ग) औरत हँस रही है। - औरतें हँस रही हैं।

(घ) वह पुस्तक पढ़ रहा है। - वे पुस्तकें पढ़ रहे हैं।

(ङ) बकरी घास चर रही है। - बकरियाँ घास चर रही हैं।

2. **निम्नलिखित में से एकवचन चुनें :**

बेटा औरतें रातें कौआ

पंखा नदी बहुएँ कमरे

3. **नीचे लिखे शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए :**

बहन ________ पुस्तक ________ बेटी ________

माला ________ बकरी ________ बच्चा ________

लड़का ________ मीठा ________ भैंस ________

© SCERT MIZORAM
not to be republished

**4. नीचे लिखे शब्दों के एकवचन रूप लिखिए :**

बकरियाँ ________ भैंसें ________ बहुएँ ________

पुस्तकें ________ मीठे ________ रातें ________

बहनें ________ बेटियाँ ________ नदियाँ ________

**5. उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) ________ आ रहे हैं। (लड़का / लड़के)

(ख) ये मेरे ________ हैं। (बेटे / बेटा)

(ग) मैं ________ पढ़ती हूँ। (पुस्तक / पुस्तकें)

(घ) ________ खेत में चर रही हैं। (बकरी / बकरियाँ)

(ङ) ________ धान कूट रही है। (औरतें / औरत)

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 12 हम नन्हे-नन्हे बच्चे हैं

हम नन्हे-नन्हे बच्चे हैं,
नादान उमर के कच्चे हैं,
पर अपने धुन के सच्चे हैं।
जननी की जय-जय गाएँगे,
भारत की ध्वजा उड़ाएँगे।



अपना पथ कभी न छोड़ेंगे,
अपना प्रण कभी न तोड़ेंगे,
हिम्मत से नाता जोड़ेंगे।
हम हिमगिरि पर चढ़ जाएँगे,
भारत की ध्वजा उड़ाएँगे।

हम भय से कभी न डोलेंगे,
अपनी ताकत को तोलेंगे,
जननी की जय-जय बोलेंगे।
अपना सिर भेंट चढ़ाएँगे,
भारत की ध्वजा उड़ाएँगे।

- सोहनलाल द्विवेदी

© SCERT MIZORAM not to be republished

**शिक्षण संकेत:** : छात्र कविता के माध्यम से नए शब्द सीखेंगे, लय के साथ भाषा पढ़ने मे रुचि करेंगे और कविता का मूल भाव समझकर अपने शब्दों में व्यक्त कर सकेंगे।

## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| नादान | - | नासमझ / silly, innocent |
| धुन | - | लगन / passion |
| जननी | - | माता / mother |
| ध्वज | - | झंडा / flag |
| पथ | - | रास्ता / path, way |
| प्रण | - | प्रतिज्ञा / a vow, pledge |
| हिम्मत | - | साहस / courage |
| नाता | - | रिश्ता / relation |
| हिमगिरि | - | बर्फ का पहाड़ / snowy mountain |
| भय | - | डर / fear |
| भेंट | - | अर्पण / offering, offer |
| भारत | - | India |

## अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) बच्चे किसकी जय-जयकार करेंगे ?

(ख) बच्चे किसे न तोड़ने की बात करते हैं ?

(ग) बच्चे क्या नहीं छोड़ेंगे ?

(घ) बच्चे किससे नाता जोड़ेंगे ?

© SCERT MIZORAM not to be republished

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के सही ( ✓ ) उत्तर पर सही का निशान लगाइए :**

(क) यह कविता किस प्रकार की है ?

(i) प्रकृति-प्रेम (ii) देशभक्ति

(iii) हास्य-कविता (iv) बाल कविता

(ख) इस कविता में 'जननी' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है ?

(i) माता (ii) धरती

(iii) जनता (iv) भारत माता

(ग) कवि ने कौन-से पथ को न छोड़ने की बात कही है ?

(i) सच का पथ (ii) झूठ का पथ

(iii) देश-प्रेम का पथ (iv) आराम की जिंदगी का पथ

(घ) बच्चे भेंट में क्या चढ़ाएँगे ?

(i) सिर (ii) हाथ

(iii) फल (iv) ध्वजा

© SCERT MIZORAM not to be republished

**3. समान अर्थवाले शब्द पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| जय | - | विजय | पराजय | - | अजय |
| ध्वज | - | झंडा | कपड़ा | - | पताका |
| नादान | - | नासमझ | शरारती | - | चंचल |
| पथ | - | पथिक | थकना | - | रास्ता |
| ताकत | - | सुंदर | शक्ति | - | कमज़ोरी |

**4. विपरीत अर्थवाले शब्दों का मिलान कीजिए :**

| क | ख |
|---|---|
| नादान | झूठे |
| कच्चे | पराजय |
| सच्चे | समझदार |
| जय | पराया |
| तोड़ना | पक्के |
| अपना | जोड़ना |

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# पाठ – 13 मेरा भारत महान




हमारा देश स्वर्ग के समान सुंदर है। यह हमारी जन्मभूमि है। इसके अन्न-जल से हमारा पालन-पोषण हुआ है। इस देश का नाम 'भारतवर्ष' है। भारत उत्तर में कश्मीर से लेकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक और पूर्व में अरुणाचल से लेकर पश्चिम में गुजरात तक फैला हुआ है। भारत देश के उत्तर में हिमालय पर्वत सुशोभित है और दक्षिण में हिन्द महासागर है।

भारत का क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग कि.मी. है। क्षेत्रफल की दृष्टि से इसका विश्व में सातवाँ स्थान है। भारत की जनसंख्या सन् 2011 के आंकड़ों के अनुसार लगभग 1 अरब 2 करोड़ है। जनसंख्या की दृष्टि से इसका विश्व में दूसरा स्थान है।

© SCERT TAMILNADU not to be republished

भारत में प्रायः सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के साथ मिल-जुलकर रहते हैं। यहाँ सभी लोग अपने-अपने धर्म की स्वतंत्र रूप से उपासना करते हैं।

भारत देश की प्राकृतिक सुंदरता अनोखी है। यहाँ के विभिन्न भू-भाग हिमालय का पर्वतीय प्रदेश, गंगा-यमुना का समतल मैदान, दक्षिण का पठार, राजस्थान का रेगिस्तान तथा दक्षिण के समुद्र तटीय मैदान है। यहाँ विभिन्न प्रकार की जलवायु पाई जाती हैं। यही एक देश है जहाँ छः ऋतुएँ होती हैं जो अपनी-अपनी विशेषताओं के साथ आती-जाती रहती हैं।

पर्वत, झरने, नदियाँ, वन-उपवन, हरे-भरे मैदान, सुंदर समुद्र तट भारत देश की शोभा बढ़ाते हैं। यहाँ कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। यहाँ अनेक नदियाँ हैं, जैसे – सिंधु, सतलज, गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र आदि।

भारत एक प्राचीन देश है। यहाँ अनेक महापुरुष पैदा हुए हैं जिन्होंने मानवता का पाठ पढ़ाया। इस देश में विभिन्न राज्य हैं जिनमें अनेक जातियों के लोग रहते हैं। रहन-सहन, वेश-भूषा अलग होते हुए भी हम सभी भारतीय हैं। विविधता में एकता इस देश का आभूषण है।

भारत की राजधानी दिल्ली है। भारत की राजभाषा हिन्दी और अंग्रेजी है। भारत का राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' है और राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' है। राष्ट्रीय पशु 'बाघ' है और राष्ट्रीय पक्षी 'मोर' है। राष्ट्रीय फूल 'कमल' है और राष्ट्रीय चिह्न 'अशोक स्तंभ के सिंह' हैं।

**शिक्षण संकेत:** : छात्र गद्य के माध्यम से नए शब्द सीखते हुए भारत देश और उसकी महानता की जानकारी प्राप्त करेंगे।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# शब्दार्थ

अन्न - अनाज। जैसे – गेहूँ, चावल, मक्का आदि / cereal
पालन-पोषण - देखभाल / nurture
सुशोभित - अच्छा दिखने वाला / graceful
उपासना - पूजा / worship
प्राकृतिक - कुदरती / natural
भू-भाग - जमीन का हिस्सा / part of land
प्राचीन - पुराना / ancient
महापुरुष - उच्च विचारों वाला पुरुष / great person
मानवता - मनुष्य का अच्छा गुण / humanity
रहन-सहन - रहने का तरीका / way of living
वेश-भूषा - पोशाक, पहनावा / dress
विविधता - अनेकता / diversity
राजधानी - देश का प्रमुख नगर / capital
राजभाषा - आधिकारिक भाषा / official language
पशु - जानवर / animal
पठार - पथरीला / plateau

© SCERT MIZORAM not to be republished

# अभ्यास

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) भारत देश किसके समान सुंदर है ?

(ख) क्षेत्रफल की दृष्टि से इसका विश्व में कौन-सा स्थान है ?

(ग) जनसंख्या की दृष्टि से इसका विश्व में कौन-सा स्थान है ?

(घ) महापुरुषों ने हमें क्या पाठ पढ़ाया है ?

(ङ) भारत की राजधानी क्या है ?

(च) भारत की राजभाषा क्या है ?

**2. पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :**

(क) भारत के उत्तर में हिमालय _______ है।

(ख) भारत के दक्षिण में ________है।

(ग) भारत का क्षेत्रफल ________ है।

(घ) भारत की जनसंख्या _______ है।

(ङ) भारत में ________ऋतुएँ होती हैं।

(च) _______को धरती का स्वर्ग कहा जाता है।

(छ) भारत की _______दिल्ली है।

© SCERT MIZORAM not to be republished

**3. खण्ड 'अ' को खण्ड 'आ' से मिलाइए :**

| **'अ'** | **'आ'** |
|---|---|
| (क) भारत की राजभाषा | वंदेमातरम् |
| (ख) भारत का राष्ट्र चिह्न | बाघ |
| (ग) भारत का राष्ट्र गान | कमल |
| (घ) भारत का राष्ट्रीय गीत | अशोक स्तंभ के चिह्न 'सिंह' |
| (ङ) भारत का राष्ट्रीय पक्षी | जन-गण-मन |
| (च) भारत का राष्ट्रीय पशु | हिन्दी और अंग्रेजी |
| (छ) भारत का राष्ट्रीय फूल | मोर |

**4. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :**

स्वर्ग ________________________________

विश्व ________________________________

मिल-जुलकर ________________________________

जलवायु ________________________________

उपवन ________________________________

**5. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :**

समान ________ सुंदर ________ स्वर्ग ________

स्वतंत्र ________ समतल ________ एकता ________

**6. नीचे दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए :**

विश्व ________ धरती ________ पर्वत ________

उपासना ________ देश ________ नदी ________

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 14 चिड़ियाघर




**दिनेश :** अरे, रमेश ! कैसे हो ? आज बहुत खुश लग रहे हो ।

**रमेश :** हाँ, दिनेश ! आज मैं बहुत खुश हूँ । चलो, चिड़ियाघर चलते हैं ।

**दिनेश :** चिड़ियाघर ? वाह ! बहुत बढ़िया विचार है । मैं भी बहुत दिनों से जाना चाहता था ।

**रमेश :** तो फिर चलो, टिकट मैं लेता हूँ ।

**दिनेश :** नहीं, नहीं, मैं लेता हूँ । आज मैं तुम्हें घुमाने लाया हूँ ।

**रमेश :** ठीक है, जैसे तुम्हारी मर्ज़ी। चलो, जल्दी चलते हैं ।

**(चिड़ियाघर पहुँचने पर)**

**दिनेश :** वाह ! यह तो बहुत बड़ा है । देखो, कितने सारे लोग आए हैं ।

**रमेश :** हाँ, और देखो, वहाँ शेर है ! चलो, पहले शेर को देखते हैं ।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

**(दोनों मित्र शेर के बाड़े के पास जाते हैं।)**

**दिनेश :** देखो, रमेश ! शेर कितना शक्तिशाली है। उसकी दहाड़ सुनकर डर लग रहा है।

**रमेश :** हाँ, पर वह कितना सुंदर भी है। उसकी खाल कितनी चमकदार है!

**(फिर वे हाथी के बाड़े के पास जाते हैं।)**

**दिनेश :** हाथी तो बहुत बड़ा है ! और देखो, उसके बच्चे भी कितने प्यारे हैं।

**रमेश :** हाँ, हाथी बहुत शांत और समझदार जानवर होते हैं।

**(फिर वे बंदरों के बाड़े के पास जाते हैं।)**

**दिनेश :** बंदर तो बहुत शरारती होते हैं। देखो, कैसे उछल-कूद कर रहे हैं।

**रमेश :** हाँ, और देखो, वह बंदर केला खा रहा है। कितना मज़ा आ रहा है।

**(फिर वे पक्षियों के बाड़े के पास जाते हैं।)**

**दिनेश :** पक्षी तो बहुत सुंदर होते हैं। देखो, कितने अलग-अलग रंग और आकार के हैं।

**रमेश :** हाँ, और देखो, वह मोर कितनी अच्छी तरह से नाच रहा है। तुम्हें पता है ना कि हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर है ?

**दिनेश :** मुझे पता नहीं था, अब पता चल गया कि मोर भारत का राष्ट्रीय पक्षी है।

© SCERT MIZORAM not to be republished

**(फिर वे एक साथ बैठकर बातें करते हैं।)**

**दिनेश :** आज चिड़ियाघर घूमकर बहुत अच्छा लगा।

**रमेश :** हाँ, मुझे भी बहुत मज़ा आया। यहाँ आकर बहुत कुछ सीखने को मिला।

**दिनेश :** चलो, अब घर चलें। बहुत देर हो गई है।

**रमेश :** हाँ, चलो। आज का दिन तो यादगार बन गया।

**(दोनों मित्र चिड़ियाघर से घर के लिए रवाना होते हैं।)**

**शिक्षण संकेत:** : संवाद के माध्यम से छात्र अलग-अलग जानवारों के नाम सीखते हुए सहजता के साथ हिन्दी बोलने का प्रयास कर सके।

## शब्दार्थ

चिड़ियाघर - zoo

बढ़िया - excellent

विचार - इरादा,राय / idea, opinion

मर्जी - इच्छा / pleasure

शक्तिशाली - बलशाली / powerful, strong

## अभ्यास

**1. पाठ के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

(क) दिनेश और रमेश कहाँ गए थे ?

(ख) चिड़ियाघर में क्या-क्या है ?



© SCERT MIZORAM not to be republished

(ग) किसकी दहाड़ सुनकर डर लगता है ?

(घ) भारत का राष्ट्रीय पक्षी क्या है ?

(ङ) बंदर क्या खा रहा था ?

**2. पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(अ) आज मैं तुम्हें ___________लाया हूँ।

(आ) _________तो बहुत बड़ा है।

(इ) शेर की ____________कितनी चमकदार है।

(ई) पक्षी अलग-अलग __________और __________के हैं।

(उ) वह ____________कितनी अच्छी तरह से नाच रहा है।

**3. सही वाक्यों के आगे (✓) और गलत वाक्यों के आगे (x) का चिह्न लगाइए :**

(क) आज बहुत दुखी लग रहे हो। ( )

(ख) शेर कितना शक्तिशाली है। ( )

(ग) बंदर उछल-कूद कर रहे हैं। ( )

(घ) पक्षी एक ही रंग और आकार के हैं। ( )

(ङ) आज का दिन तो यादगार बन गया। ( )

© SCERT MIZORAM not to be republished

# पाठ – 15 गिनती

1 - एक - १
2 - दो - २
3 - तीन - ३
4 - चार - ४
5 - पाँच - ५
6 - छः - ६
7 - सात - ७
8 - आठ - ८
9 - नौ - ९
10- दस - १०
11- ग्यारह - ११
12- बारह - १२
13- तेरह - १३
14- चौदह - १४
15- पंद्रह - १५
16- सौलह - १६
17- सत्रह - १७
18- अठारह - १८
19- उन्नीस - १९
20- बीस - २०

21 - इक्कीस - २१
22 - बाईस - २२
23 - तेईस - २३
24 - चौबीस - २४
25 - पच्चीस - २५
26 - छब्बीस - २६
27 - सत्ताईस - २७
28 - अट्ठाईस - २८
29 - उनतीस - २९
30 - तीस - ३०
31 - इकतीस - ३१
32 - बत्तीस - ३२
33 - तैंतीस - ३३
34 - चौंतीस - ३४
35 - पैंतीस - ३५
36 - छत्तीस - ३६
37 - सैंतीस - ३७
38 - अड़तीस - ३८
39 - उनतालीस - ३९
40 - चालीस - ४०

© SCERT MIZORAM not to be republished

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41- इकतालीस - ४१ | | | 59 | - | उनसठ | - ५९ |
| 42- बयालीस - ४२ | | | 60 | - | साठ | - ६० |
| 43- तैंतालीस - ४३ | | | 61 | - | इकसठ | - ६१ |
| 44- चौवालीस - ४४ | | | 62 | - | बासठ | - ६२ |
| 45- पैंतालीस - ४५ | | | 63 | - | तिरसठ | - ६३ |
| 46- छियालीस - ४६ | | | 64 | - | चौंसठ | - ६४ |
| 47- सैंतालीस - ४७ | | | 65 | - | पैंसठ | - ६५ |
| 48- अड़तालीस - ४८ | | | 66 | - | छियासठ | - ६६ |
| 49- उनचास - ४९ | | | 67 | - | सड़सठ | - ६७ |
| 50- पचास - ५० | | | 68 | - | अड़सठ | - ६८ |
| 51- इक्यावन - ५१ | | | 69 | - | उनहत्तर | - ६९ |
| 52- बावन - ५२ | | | 70 | - | सत्तर | - ७० |
| 53- तिरपन - ५३ | | | 71 | - | इकहत्तर | - ७१ |
| 54- चौवन - ५४ | | | 72 | - | बहत्तर | - ७२ |
| 55- पचपन - ५५ | | | 73 | - | तिहत्तर | - ७३ |
| 56- छप्पन - ५६ | | | 74 | - | चौहत्तर | - ७४ |
| 57- सत्तावन - ५७ | | | 75 | - | पचहत्तर | - ७५ |
| 58- अट्ठावन - ५८ | | | | | | |

© SCERT MIZORAM not to be republished

**शिक्षण संकेत:** : हिन्दी के '1' से '75' अंकों को पहचान कर उनका सही उच्चारण और लेखन सिखाना ।

# अभ्यास

**1. पहचानिए और बोलिए :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बारह | चौदह | बत्तीस | पैंतीस | बयालीस |
| पच्चीस | अट्ठाईस | तिरपन | इकसठ | तिरसठ |
| चौंसठ | छियासठ | इकहत्तर | बहत्तर | छप्पन |
| उनहत्तर | सत्ताईस | अड़तालीस | बावन | उन्नीस |

**2. हिन्दी में संख्याएँ लिखें :**

इक्यावन ________ पचपन ________

सड़सठ ________ तिहत्तर ________

सैंतीस ________ आठ ________

चालीस ________ चौवालीस ________

अड़तालीस ________ पचास ________

बासठ ________ छब्बीस ________

© SCERT MIZORAM
not to be republished

**3. मिलान कीजिए :**

| क | ख |
|---|---|
| २५ | सत्रह |
| २२ | तीस |
| ६१ | इक्यावन |
| ७५ | उनतीस |
| ३० | बाईस |
| ६६ | पचहत्तर |
| १७ | तैंतालीस |
| ४३ | छियासठ |
| ५१ | इकसठ |
| २९ | पच्चीस |

© SCERT MIZORAM not to be republished

**4. शब्दों में लिखिए :**

१८ _____ ९ _____

२७ _____ १२ _____

४५ _____ ५६ _____

३४ _____ ७३ _____

२१ _____ १६ _____

# मौखिक अभ्यास

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मौखिक पाठ - 1

**शिक्षण बिन्दु –**
**'मैं ... हूँ ।'**
(एकवचन) Singular

**वाक्य :**

1. तुम कौन हो ?
   **मैं** लड़का/ लड़की **हूँ** ।
2. तुम क्या करते हो ?
   **मैं** विद्यार्थी **हूँ** ।
3. तुम किस कक्षा में पढ़ते हो ?
   मैं कक्षा छह में पढ़ता/पढ़ती **हूँ** ।
4. तुम कौन हो ?
   **मैं** पुई / पुइआ **हूँ** ।
5. तुम कैसे छात्र हो ?
   **मैं** आज्ञाकारी छात्रा/छात्र **हूँ** ।
6. तुम कहा जाते हो ?
   **मैं** स्कूल जाता / जाती **हूँ** ।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र **'मैं...हूँ'** का सरल वाक्यों में प्रयोग कर सकें ।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ - 2

**शिक्षण बिन्दु –**
**'हम ... हैं।'**
(बहुवचन) plural

**वाक्य :**

| **आप लोग क्या हैं ?** | **आप लोग क्या करते हैं ?** |
|---|---|
| 1. **हम** लड़के **हैं**। | 4. **हम** खेलते **हैं**। |
| 2. **हम** भारतीय **हैं**। | 5. **हम** पढ़ते **हैं**। |
| 3. **हम** विद्यार्थी **हैं**। | 6. **हम** सोते **हैं**। |

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र **'हम --- हैं'** का सरल वाक्यों में प्रयोग कर सकें।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मौखिक पाठ - 3

**शिक्षण बिन्दु –**

**गर्मी तथा सर्दी**

**वाक्य :**

1. आज बहुत **गर्मी** है।
2. कल बहुत **सर्दी** थी।
3. पंखा चलाओ, बहुत **गर्मी** है।
4. आग जलाओ, बहुत **सर्दी** है।
5. मुझे **गर्मी** लग रही है।
6. मुझे **सर्दी** लग रही है।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र **"गर्मी तथा सर्दी"** में अंतर को समझते हुए सरल वाक्यों में प्रयोग कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ - 4

**शिक्षण बिन्दु –**
**रहा/ रही/ रहे**
वचन ओर लिंग प्रयोग

**वाक्य :**

1. साङा कहाँ जा **रहा** है ? - साङा बाज़ार जा **रहा** है ।
2. लली कहाँ जा **रही** है ? - लली गिरज़ाघर जा **रही** है ।
3. आप घर कब जा **रहे** हैं ? - हम तीन बजे घर जा **रहे** हैं ।
4. वह क्या खेल **रहा** है ? - वह फुटबॉल खेल **रहा** है ।
5. पारी क्या कर **रही** है ? - पारी गाना गा **रही** है ।
6. वे क्या खा **रहे** हैं ? - वे खाना खा **रहें** हैं ।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र **"रहा / रही/ रहे"** का सरल वाक्यों में प्रयोग कर सकें ।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ - 5

**शिक्षण बिन्दु –**

**कौन / कौन-सी / कौन-सा**

(प्रश्नार्थक शब्द)

**वाक्य :**

1. आप **कौन** है ? / तुम **कौन** हो ?
2. **कौन** आ रहा है ?
3. यहाँ **कौन** रहता है ?
4. आप **कौन-सी** कक्षा में पढ़ते हैं ?
5. यह **कौन-सी** किताब है ?
6. आपका कमरा **कौन-सा** है ?

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र - **'कौन / कौन-सी / कौन-सा'** का सरल वाक्यों में प्रयोग कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ - 6

**शिक्षण बिन्दु –**
**आसन्न भूतकाल**

वाक्य :

1. मैं अभी आई हूँ।
2. सोमी ने पत्र लिखा है।
3. ज़ामा रेमी से मिलने गया है।
4. वह सो गया है।
5. बच्चे खेलने गए हैं।
6. वे पहुँच गए है।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र **'आसन्न भूतकाल'** के वाक्यों को अच्छी तरह पहचान लें और उनका वाक्यों में प्रयोग कर सकें।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मौखिक पाठ - 7

**शिक्षण बिन्दु –**

**'चाहता / चाहती / चाहते'** का प्रयोग

**वाक्य :**

1. वह पुस्तक दिखाना **चाहता** है।
2. मैं गाड़ी चलाना **चाहता** हूँ।
3. मैं पनीर बनाना **चाहती** हूँ।
4. वह पढ़ना **चाहती** है।
5. वे हिन्दी सीखना **चाहते** हैं।
6. वे स्कूल जाना **चाहते** हैं।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र **'चाहता / चाहती / चाहते'** का सरल वाक्यों में प्रयोग कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ - 8

**शिक्षण बिन्दु –**

पुनरुक्ति शब्द

**वाक्य :**

1. वह **धीरे - धीरे** चल रहा है।
2. **जल्दी – जल्दी** खाना बनाइए।
3. तुम **बार – बार** बाहर मत जाओ।
4. बगीचे में **तरह – तरह** के फूल हैं।
5. वह **खेलते – खेलते** गिर गया।
6. रेमी **लिखते – लिखते** थक गई।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र अन्य 'पुनरुक्ति शब्द' का सरल वाक्यों में प्रयोग कर सकें।

© SCERT MIZORAM not to be republished

# मौखिक पाठ - 9

**शिक्षण बिन्दु –**

**सामान्य भूतकाल**

वाक्य :

1. कल साङा हमारे घर आया।
2. मैंने अपना काम किया।
3. उसने मुझे बुलाया।
4. रेमा ने एक पत्र लिखा।
5. वह स्कूल गया।
6. मैंने खाना खाया।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाए जिससे छात्र **'सामान्य भूतकाल'** के वाक्यों को अच्छी तरह पहचान लें और उनका वाक्यों में प्रयोग कर सकें।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मौखिक पाठ - 10

**शिक्षण बिन्दु –**

**अपूर्ण भूतकाल**

**वाक्य :**

1. रेमा आ रहा था।
2. किमी बाज़ार जा रही थी।
3. एङी सब्ज़ी बना रही थी।
4. हम प्रार्थना कर रहे थे।
5. वह सो रहा था।
6. बच्चे खेल रहे थे।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाए जिससे छात्र '**अपूर्ण भूतकाल**' के वाक्यों को अच्छी तरह पहचान लें और उनका वाक्यों में प्रयोग कर सकें।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मौखिक पाठ - 11

**शिक्षण बिन्दु –**

**‘से’** का प्रयोग

(तुलना के संदर्भ में )

**वाक्य :**

1. मोई **से** थड़ी बड़ी है।
2. यह घर मेरे पुराने घर **से** बड़ा है।
3. आज का मौसम कल **से** अच्छा है।
4. आम इमली **से** ज्यादा मीठा है।
5. यह किताब उस किताब **से** बेहतर है।
6. इस कमरे **से** वह कमरा बड़ा है।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र **‘से’** का प्रयोग तुलना के संदर्भ में सरल वाक्यों में प्रयोग कर सकें।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मौखिक पाठ - 12

**शिक्षण बिन्दु –**
**गा/ गी/ गे**

**वाक्य :**

1. मैं अपना काम करूँ**गी** ।
2. हम कम बोलें**गे** ।
3. मैं कभी झूठ नहीं बोलूँ**गी** ।
4. मैं बड़ों की इज्जत करूँ**गा** ।
5. वे सब खेल खेलें**गे** ।
6. मैं स्कूल जाऊँ**गा** ।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र **'गा/ गी/ गे'** का सरल वाक्यों में अच्छी तरह प्रयोग कर सकें ।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मौखिक पाठ - 13

**शिक्षण बिन्दु –**

**लेना / देना**

**वाक्य :**

1. मुझे बाज़ार से जूता **लेना** है।
2. लला को सब्जी **लेना** है।
3. उसे यह कमीज़ **देना** है।
4. मुझे किताब **लेना** है।
5. मोइया को फल **देना** है।
6. दुकान से कलम **लेना** है।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र **'लेना / देना'** क्रियाओं का वाक्यों में अच्छी तरह प्रयोग कर सकें।

© SCERT MIZORAM
not to be republished

# मौखिक पाठ - 14

**शिक्षण बिन्दु –**

**क्या / कितने**

**वाक्य :**

1. बीस के बाद **क्या** आता है ?

   = बीस के बाद इक्कीस आता है ।

2. पचहत्तर से पहले **क्या** आता है ?

   = पचहत्तर से पहले चौहत्तर आता है ।

3. आपके पास **कितने** रुपये हैं ?

   = मेरे पास पचास रुपये हैं ।

4. आपने यह पुस्तक **कितने** में खरीदा है ?

   = मैंने यह पुस्तक दस रुपया में खरीदा है ।

5. यह क्या है और **कितने** का है ?

   = यह बोराइ है और बीस रूपये का है ।

6. यह किताब **कितने** का है ?

   = यह किताब पचास रूपये का है ।

**आदेश :** अध्यापक ऊपर दिए गए वाक्यों के अनुसार अन्य वाक्यों का भी अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र **'क्या/कितने'** का सरल वाक्यों में प्रयोग कर सकें ।

© SCERT MIZORAM
not to be republished